तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 16 जून 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पहली बार कोरबा में आयोजित की जा रही यूजीसी नेट की परीक्षा



## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, नगरपालिका, छावनी, महानिगम, पावर प्लांट, कार्गो एवं फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर ऑफिसर, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**पाठ्यक्रम का नाम**
1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. प्रोफेशनल व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमैन

(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय क्षेत्रीय कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - मो.- 76972-12782 (1) पता- फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस - प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023

Advt.

## खबर संक्षेप

### कल मनाया जाएगा ईद उल अजहा का पर्व

**कोरबा।** 10 जिलहिज्जा 17 जून को मनाया जाएगा कुर्बानी का त्योहार ईद उल अज़हा सुन्नी मुस्लिम जमात के सरफ़रस्त कारी सैय्यद शब्बीर अहमद असरफी, सदर हाजी अखलाक खान असरफी, जनरल सेक्रेटरी जुम्मन खान रिज़वी ने कहा कि ईद उल अज़हा का पर्व शांति और भाईचारगे के साथ मनाए और साथ यह भी अपील किया जा रहा है कि कुर्बानी की खाल मदरसा दारूल उलूम रिज़्विया टीपी नगर में जमा करें और कम से कम 100 रुपये का रसीद कटवाएं। जिले में ईद -उल-अज़हा की नमाज़ का वक़्त मरकज़ी ईदगाह कब्रिस्तान सुबह 8 बजे, जामा मस्जिद कोरबा सुबह 7 बजे, मस्जिदे आला हज़रत रज़ा नगर गेरवाघाट सुबह 7:15 बजे, मदरसा दारुल उलूम रिज़्विया टी .पी.नगर सुबह 7:30 बजे, कोल्यारी मस्जिद एसईसीएल सुबह 7.30 बजे, दादर ख़ानक़ाह सुबह 7.30, शाही नूरी मस्जिद बुधवारी सुबह 8.45 बजे, गौसिया मस्जिद मुड़ापार सुबह 7:45 बजे, मदीना मस्जिद पुरानी बस्ती सुबह 8:15 बजे अता की जाएगी।

### किसान सम्मान निधि की किस्त 18 को होगी जारी

**कोरबा।** 18 जून को किसान सम्मान निधि की किस्त 2 हजार रुपए हितग्राहियों के बैंक अकांउट में जारी होने वाली है, लेकिन किस्त जारी होने से पहले बचे ऐसे किसान जिन्होंने पूर्व में डीबीटी और केवाईसी नहीं करवाया है। उन्हें केवाईसी करवाने के साथ-साथ डीबीटी करवाने के लिए कहा है। दरअसल पीएम नरेंद्र मोदी 18 जून को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किसानों को 2-2 हजार रुपए की किस्त ट्रांसफर करेंगे। शुरुआत में जब पीएम-किसान योजना (फरवरी, 2019) शुरू की थी तो इसका लाभ केवल छोटे और सीमांत किसानों के परिवारों को ही मिलता था। इसमें वो किसान शामिल थे, जिनके पास 2 हेक्टेयर तक की कम्बाइड लैंड होल्डिंग (संयुक्त भूमि) थी। जून 2019 में स्कीम को रिवाइज किया और सभी किसान परिवारों के लिए इसे एक्सटेंड कर दिया गया। हालांकि, कुछ किसानों को अभी भी योजना से बाहर रखा गया है। किसान से बाहर किए गए लोगों में संस्थागत भूमिधारक, संवैधानिक पदों पर बैठे किसान परिवार, राज्य या केंद्र सरकार के सेवारत या रिटायर्ड अधिकारी और कर्मचारी है। बड़ी संख्या में जिले के किसानों को इस योजना का लाभ मिला है।

### रोजगार निराकरण का मिला भूविस्थापितों को आश्वासन

**कोरबा।** बुडबुड ग्रामवासियों द्वारा तीन लाख विस्थापन की राशि के अलावा प्रति परिवार 5 लाख की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशी की मांग को लेकर सरायपाली खदान में कोल उत्पादन एवं प्रेषण को पूरी तरह बंद कर दिया था। जिसके बाद एसईसीएल के अधिकारियों ने यह आश्वाशन दिया की आप लोगों की मांग का प्रस्ताव पुनर्विचार हेतु मुख्यालय भेजा जाएगा तथा यह प्रयास किया जाएगा की चार माह में प्रस्ताव एसईसीएल बोर्ड के पास भेजा जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में ग्रामीणों एवं एसईसीएल के अधिकारियों के मध्य समझौता हुआ। महाप्रबंधक कोरबा क्षेत्र दीपक पंड्या ने यह भी बताया कि ग्रामवासियों का मुवावजा राशि का भुगतान कर दिया गया है साथ ही 270 लोगों को कंपनी में रोजगार भी दे दिया गया है।

# पीएम जनमन योजना से हर ब्लॉक में एक गांव को बनाया जाएगा मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने एक माह तक लगातार सर्वे अभियान चला था। इस अभियान के तहत तैयार की गई विकास योजनाओं में जिले के हर ब्लॉक में एक गांव को मॉडल बनाया जाएगा ताकि प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी नया संदेश जा सके।

पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्र जो कई मायनों में जिला प्रशासन के विकास मूलक योजनाओं से नहीं जुड़ सके थे। कई ऐसे गांव थे जहां पहुंच मार्ग ही नहीं बन सके थे। ग्रामीण अंचल के दौरे में जाने वाले प्रशासनिक अधिकारियों को भी इन ग्रामों में पहुंचने के लिए पैदल सफर करना पड़ता था। ऐसे ग्रामों को विकसित ग्राम की श्रेणी में लाने हेतु पीएम एनमन योजना अंतर्गत सर्वे के कार्य किए गए। किस गांव में क्या आवश्यकता है इसकी सूची तैयार कर इस कार्य में जिला प्रशासन के सभी विभागों को शामिल किया गया, जिनके द्वारा एक साथ कार्य योजना बनाकर अपने अपने विभाग के अनुरूप कार्य करेंगे ताकि सभी विभागों की योजनाओं के कार्य एक साथ उन गांव तक पहुंच सके। जिसके लिए जिले के पांच विकासखंड कोरबा, करतला, पाली, पोड़ी उपरोड़ा और कटघोरा में हर एक गांव को मॉडल बनाया जाएगा। जिले में पांच मॉडल गांव पीएम जनमन योजना से तैयार होंगे, जहां सभी विकास मूलक कार्य व सुविधाएं संरक्षित जनजाति समाज को उपलब्ध रहेंगी। प्रशासन के जिन विभागों को इस कार्य में शामिल किया गया है उनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क प्रकोष्ठ, महिला बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य विभाग शामिल है। जिनके द्वारा अपनी योजना के तहत विकास कार्य करेंगे। एक साथ होने वाले सभी विभागों के कार्यों को शामिल कर गांव को मॉडल रूप दिया जाएगा।

## जिला प्रशासन के पांच विभाग मिलकर कर रहे काम

**खास बातें**

- पहुंच मार्ग के साथ पेयजल व्यवस्था, सोलर लाईट, आंगनबाड़ी केन्द्र की दी जाएगी सुविधाएं
- सीईओ ने ली बैठक



**बनाए जाएंगे मॉडल ग्राम**

जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड के पिछड़ी संरक्षित ग्रामों में एक गांव को मॉडल गांव का रूप दिया जाएगा। जहां शासन की योजनाएं चलाई जाएगी।

- श्रीकांत कसेर, आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग

## एतमानगर के नाम से 245 गांव का है प्रोजेक्ट

# शासन से जिले को मिली एक मल्टीविलेज योजना की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में भेज जल समस्या वाले गांवों में पेयजल की आपूर्ति हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत मल्टी विलेज योजना चलाई जा रही है। खारे पानी भूजल में भारी तत्वों की मौजूदगी या जलस्तर के ज्यादा नीचे जाने की समस्या से जूझ रहे ग्रामों में मल्टी विलेज योजना के माध्यम से नदी का मीठा पानी पहुंचाया जाएगा। प्रदेश के 18 जिले इस मल्टी विलेज योजना में शामिल हुए हैं, जिसमें कोरबा जिले में मल्टी विलेज प्रोजेक्ट के तहत एतमानगर प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिली है।

**खास बात**

- पीएचई विभाग ने एक वर्ष पूर्व सर्वे कर बनाया था डीपीआर



ककक

भूजल समस्या को लेकर राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने एक वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार की मल्टी विलेज योजना में जिले के प्रोजेक्ट को शामिल करने के लिए एतमानगर प्रोजेक्ट तैयार किया था, जिसका डीपीआर तैयार कर राज्य शासन को भेजा गया था, ⏭ शेष पेज 2 पर

**फ्लोराइड पानी एक बड़ी समस्या**

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के कई गांव ऐसे हैं जहां फ्लोराइड वाले पानी की समस्या ज्यादा है। गांव में तेलसरा, कउवाताल, सेमरा जैसे 17 गांव है। जहां की एक बड़ी आबादी हैंडपंप पर निर्भर है। जहां के पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने के कारण लोग अस्थी रोग के शिकार होते जा रहे हैं। स्वास्थ्यजनक समस्या के मद्देनजर जिला प्रशासन ने ऐसे हैंडपंपों को बंद करा दिया था, जिनसे फ्लोराइड युक्त पानी निकला करता था। ऐसे गांव को भी एतमानगर प्रोजेक्ट में प्राथमिकता से शामिल किया गया है।

**शुरू होगा काम**

शासन की मल्टी विलेज योजना में जिले के एतमानगर प्रोजेक्ट को शामिल किया गया है, जिसके तहत बांगो बांध से 245 ग्रामों को पाइप लाइन के द्वारा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

**-अनिल कुमार बच्चन,** कार्यपालन अभियंता पीएचई

**यह है प्रोजेक्ट**

0 बांगो बांध का पानी बूझाएगा प्यास
0 500 करोड़ की आएगी लागत
0 245 ग्रामों तक पहुंचेगा बांगो का पानी
0 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, इंटक वेल का निर्माण
0 गांव-गांव बिछाई जाएगी पाईप लाईन

# महिला की संदिग्ध मौत परिजन को हत्या का संदेह



घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़। इनसेट में मृतिका पूजा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोतीसागरपारा वार्ड में एक नवविवाहिता महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। 22 वर्षीय महिला की कमरे में लाश मिली है। मृतिका के परिजन जब बेटी के घर पहुंचे तो मामले का खुलासा हुआ है। मृतिका परिजनों ने आरोप लगाया है कि दामाद ने ही उनके बेटी की हत्या की है जो कुछ दिन पहले ही एक मर्डर केस में जेल से छूटा है।

पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के मोतीसागरपारा बस्ती का है। शहर के मोतीसागरापारा क्षेत्र में बीती रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक महिला की मौत की खबर आम हुई। प्रेम विवाह के तीन साल बाद ही जिस तरह से उसकी मौत हुई उससे कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। मायका पक्ष को जब इस बात की जानकारी हुई तब वे मौके पर पहुंचे गए और हंगामा करने लगे। अंतिम सांस गिन रही पूजा बरेठ को रात में ही अस्पताल पहुंचा दिया गया था। जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीन साल पहले पूजा बरेठ उम्र 22 साल ने राजेन्द्र गोड़ (28) उर्फ लूडो के साथ परिवार के मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह किया था, जिनका डेढ़ साल का पुत्र भी है। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर मारपीट व हत्या का आरोप लगाया है हालांकि पुलिस को प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या प्रतीत हो रहा है। बस्तीवासियों ने बताया है कि पूजा बरेठ और उसके पति राजेंद्र गोड़ के मध्य अक्सर विवाद हुआ करता था। फिलहाल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों से पर्दा उठ सकेगा।मामले में पुलिस ने ज्योति के पति राजेंद्र दास को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

**खास बात**

- कोतवाली क्षेत्र के मोतीसागर पारा का मामला

**मायके वालों ने मारपीट का लगाया आरोप**

मृतिका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से दामाद परेशान किया करता था। पूजा से आए दिन मारपीट करता था। बेटी जब घर आई थी तो आप बीती बताई थी। कई बार उसे घर में खाने को नहीं देते थे। परिजनों ने कहा कि पूजा का पति राजेंद्र सीतामढ़ी क्षेत्र में एक मर्डर केस में जेल में बंद था, जो एक महीने पहले ही छूटकर घर आया था। ऐसे में परिजन कई तरह की आशंका जता रहे हैं।

# केमिकल डालकर अहिरन नदी को किया जा रहा प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमुंडा

आईबीपी प्लांट कुसमुंडा के नजदीक बहने वाली अहिरन नदी जो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट कुसमुंडा को जल आपूर्ति करने का एक मात्र स्त्रोत है। बावजूद इसके असामाजिक तत्वों द्वारा अहिरन नदी के पानी को जहरीले केमिकल बारूद जैसे विस्फोटक उपकरण का प्रयोग कर दूषित किया जा रहा है।

इस नदी से बारोमाह पानी सप्लाई की जाती है। इसे ही जहरीला किया जा रहा है। इसके पीछे मुख्य वजह नदी में मत्स्यखेट करना है। मछली पकड़ने के लिए जाल डालकर जहरीले केमिकल लिक्विड फॉरेस्ट और अन्य केमिकल या विस्फोटक पदार्थ का उपयोग मछलियों को मारने के लिए किया जाता है। जिससे मछलियां जहीरले केमिकल से मर जाती है। वही इस का पानी का उपयोग कुसमुंडा के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट कॉलोनी वासियों के लिए भी उपयोग में लिया ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**

- कुसमुंडा वाटर ट्रीटमेंट में होती है जलापूर्ति



केमिकल से प्रदूषित अहिरन नदी।

### नाली क्षतिग्रस्त, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**कोरबा।** वार्ड क्र. 26 सफाई कामगार मोहल्ला में लंबे समय से नाली जो कि जीर्ण-शीर्ण हो चुका है और सीसी रोड भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। वर्तमान में बरसात का मौसम का आगमन हो चुका है, जिससे दूषित पानी रोड में बह रहा है और सीसी रोड खराब होने से आए दिन दुर्घटना कारित होते रहती थी। जिसकी जानकारी वार्ड पार्षद को होने के बावजूद भी उक्त के सुधार के संबंध में किसी प्रकार की कोई सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है, इससे पूर्व में भी समाचार पत्र के माध्यम से उक्त समस्या से अवगत कराया था।

## मुक्तिधाम व बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का किया मंत्री देवांगन ने किया भूमिपूजन

# कोरबा के समग्र विकास हेतु हर संभव प्रयास रहेगा जारी:लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा के समग्र विकास हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी, तथा पूरी इच्छाशक्ति के साथ इस दिशा में कार्य किया जाएगा। नगर निगम के हर वार्ड का वातावरण और बेहतर करने के साथ– साथ वार्डों का किस तरह ज्यादा से ज्यादा विकास हो सके, इसके लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 16 बरपारा कोहड़िया में विधायक निधि से 14.93 लाख की लागत से मुक्तिधाम और बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर कही। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि अब तक नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए सौ करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। कई वार्डों में अब तक गार्डन, सड़क डामरीकरण समेत अन्य विकास कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। बहुत से स्थानों पर जल्द कार्य शुरु होने वाले हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की अलग अलग निधि के माध्यम से जल्द और राशि स्वीकृति की जाएगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मेरा पूरा प्रयास है कि हर समाज का अपना भवन हो, ताकि सामाजिक कार्यों का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो सके। पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा कि आज वार्ड की हर जरूरत पूरी हो चुकी है। जो शेष रह चुकी है उसे भी पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री देवांगन ने कहा की मुक्तिधाम की मांग लंबे समय से थी। इस संवेदनशील विकास कार्य की स्वीकृति मंत्री श्री देवांगन के विधायक निधि से स्वीकृति मिली है। इस मौके पर पार्षद नरेंद्र देवांगन, प्रफुल्ल तिवारी, सुमन सोनी, पंकज देवांगन, पुनीराम साहू, मंजू सिंह, मनोरमा शर्मा, प्रकाश अग्रवाल, तृप्ति सरकार, प्रशांत चौहान, दीनदयाल यादव, कौशल प्रसाद चौहान, लक्ष्मी जलतारे, प्रीति चौहान समेत अन्य उपस्थित रहे।




भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य।



## खबर संक्षेप

### सतनामी कल्याण समिति की बैठक आज

**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति के सदस्यों की मासिक बैठक 16 जून को सतनाम भवन में रखी गया है। सभी सदस्यों से आग्रह किया गया है कि वे दोपहर 3 बजे बैठक में उपस्थित होकर समिति के कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। उक्ताशय की जानकारी समिति के सचिव जीएल बंजारे ने दी।

### कलेक्टर आमजनों की शिकायतों का करेंगे समाधन, 24 को जनचौपाल

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन संपन्न होने के फलस्वरूप आमजनों की समस्याओं के निराकरण कर राहत पहुँचाने के लिए जिला कार्यालय कोरबा में आयोजित होने वाली कलेक्टर जनचौपाल पूर्व की भांति प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे प्रारम्भ होगा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत जनचौपाल के माध्यम से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले ग्रामीणों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनकर उनका प्राथमिकता से निराकरण करेंगे।

### कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की आग से बचने दिए प्रशिक्षण

**कोरबा।** बालको ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, कोरबा बल्क पेट्रोलियम टर्मिनल प्लांट में लाइव फायर ड्रिल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। व्यापक अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण में 50 से अधिक कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की आग से निपटने तथा रोकथाम के लिए विभिन्न उपायों को अपनाने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में अग्नि आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रोटोकॉल तथा सीपीआर प्रशिक्षण भी शामिल था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शासन से जिले...

जिसे दो दिन पूर्व ही राज्य शासन ने स्वीकृति दी है। इस प्रोजेक्ट से बांगों बांध के आसपास के ग्रामों में जहां पानी का जलस्तर गर्मी में नीचे चला जाता है या फ्लोराइड युक्त पानी का उपयोग किया जाता तथा जहां पर हैंडपंप से खारे पानी निकलने की शिकायतें सामने आती है। ऐसे ग्रामों को एतमानगर प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। जहां के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। एतमानगर प्रोजेक्ट जिले की एक महत्वकांक्षी योजना था, जो शासन से स्वीकृति नहीं मिलने के कारण रूकी हुई थी। क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को इस प्रोजेक्ट से पीने का पानी मिलेगा। वनांचल क्षेत्र होने के कारण अब तक पाईप लाईन वाला प्रोजेक्ट पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के कई दुरूस्त ग्रामीण अंचलों में शुरू नहीं हो सका था। लोग पुराने परंपरागत जल स्त्रोत से ही प्यास बूझाया करते हैं, जो गर्मी में सूख जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने एतमानगर प्रोजेक्ट तैयार किया।

### केमिकल डालकर

जाता है जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। पहले ही कुसमुंडा क्षेत्र धूल, मिटी, डस्ट जैसी समस्याओं से घिरा हुआ है वहीं अब पीने के पानी का जो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से कुसमुंडा और अन्य क्षेत्र के कॉलोनी वासियों को सप्लाई हो रही है उसमें भी जहरीले केमिकल लिक्विड की मात्रा हैं जो मछली को मारने के उपयोग में किया जाता है ऐसे कई अन्य और कॉलोनी वासियों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वहीं अहिरान नदी से डवकामुडा घाट तक आए दिन रेत की चोरी अक्सर होती रहती है जिससे अहिरन नदी के आस पास का पानी का जल स्त्रोत काम होता जा रहा है। रेत चोरी करने वाले रेत माफिया लोग पहले से ही ऐसे समय के लिए सक्रिय हो जाते है बरसात के बाद नदी का पानी का स्तरीय काम हो जाता है और काफी दूर से रेत बहके आती है जो अपने इस्थल के जगह में रेत का भंडार कर देती है। ऐसे समय का ही फायदा उठाने वाले माफिया बिना डर और निर्भरता के साथ रेत को बड़े पैमाने पर निकाल कर क्षेत्र में बेच रहे हैं।

# प्रशासन की रोक के बाद भी नदी नालों से हो रहा रेत का उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



अवैध रेत उत्खनन कार्य में लगे मजदूर व ट्रेक्टर।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश के तहत 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत घाट बंद किए जाने के बावजूद बेधड़क नदियों से रेत का उत्खनन करने के साथ कई स्थानों में रेत का भंडारण भी किया जा रहा है। कटघोरा क्षेत्र के आसपास के नदी नालों से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। वहीं आसपास के ग्रामों में भंडारण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। प्रशासनिक निर्देश और कार्यवाही के बाद भी कार्य का चलना कहीं न कहीं विभागीय उदासीनता का असर है।

वर्षा कालखंड में नदी नालों के साथ पेश आने वाली चुनौतियां और कई तकनीकी कारणों से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पिछले कई वर्षों से इस पूरे सीजन में रेत खनन और परिवहन जैसे कार्यों को बंद रखता है। इस बार भी प्रशासन की ओर से व्यवस्था बनाते हुए 10 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए सभी रेट घाटों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यहां पर किसी भी प्रकार की उत्खनन संबंधी गतिविधियां नहीं हो सकेंगे। हर बार की तरह इस वर्ष भी अधिकारियों ने आदेश जारी कर दिया है और लगभग मान लिया है कि इसके अंतर्गत जिले में कामकाज नहीं चलेगा, लेकिन सच यही है कि प्रतिबंध के पहले भी रेत की चोरी विभिन्न क्षेत्रों से चल रही थी और अभी भी इसमें किसी प्रकार की रोक नहीं लग सकी है। जानकार सूत्रों ने बताया कि कटघोरा के अहिरन नदी, पुछापारा अहिरन नदी तट तथा धवईपुर सहित कई स्थानों से रेत की चोरी व्यापक पैमाने पर हो रही है। संगठित गिरोह इस काम में लगा हुआ है जिसे रोक पाने में प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी नाकाम साबित हो रहे हैं, क्योंकि मामला ऊंची पहुंच का है । इसलिए इस प्रकार की चीजों की जानकारी होने के बावजूद उचित कार्रवाई करने में अधिकारियों को सोचना पड़ जाता है कि क्या करें, क्या ना करें।

**खास बात**

- 10 जून से रेतघाट बंद, कटघोरा समेत कई जगह माफिया सक्रिय

**मनमाने ढंग से कीमतें बढ़ी**

आपदा में अवसर पर बेहतर तरीके से काम करने वाला वर्ग रेत के मामले में सक्रिय हो गया है। जानकारों ने बताया कि जिले में रेत का रेट भी 3 दिन में ही 500 रुपए तक बढ़ गया है। पहले प्रति ट्रैक्टर 1500 रुपए घर पहुंचाकर देते थे, वह अब 2 हजार तक हो गया है। नदी-नालों में अवैध खनन पर भी जिम्मेदार विभाग रोक लगा नहीं पा रहे है। जिले में 24 रेतघाट हैं लेकिन वर्तमान में 16 घाट ही चल रहे थे। इनके संचालन का अधिकार ग्राम पंचायतों और निकायों के पास है। लेकिन जमीन पर कई घाट ठेकेदार ही चला रहे हैं। रेत ठेकेदारों ने पहले से ही भंडारण करने लाइसेंस लिया है। इनमें से 6 के पास लाइसेंस भी नहीं है। भंडारण की आड़ में रेत चोरी हो रही है। हसदेव नदी, अहिरन नदी, सोन नदी, खोलार नदी, लीलगर नदी के साथ ही कई बड़े नाले हैं, जहां से रेत चोरी हो रही है। अवैध खनिज खनन और परिवहन रोकने जिले में टास्क फोर्स है, लेकिन कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। इससे ऐसा लगता है कि पूरी मनमानी संरक्षित माहौल में हो रही है।

# ओपन थिएटर में संचालित चौपाटी के व्यापारियों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब गढ़ कलेवा की जगह पर चौपाटी का संचालन किया जाना है, इसके लिए नगर निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। इधर नगर निगम के इस निर्णय पर आपत्ति दर्ज करने के साथ चौपाटी से संबंधित कारोबारी ने अपना कामकाज बंद कर दिया है। इसके चलते मौके पर सन्नाटा की स्थिति बनी हुई है।

राज्य सरकार के द्वारा स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने और समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए कोरबा समेत अनेक स्थानों पर गढ़ कलेवा की संकल्पना के अंतर्गत काम कराया गया।कोरबा में स्मृति उद्यान के पास गढ़ कलेवा का विकास पिछले वर्षों में नगर निगम की ओर से किया गया। मौके पर सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई गई और कारोबार करने वाले वर्ग को राहत देने का प्रयास किया गया। काफी समय तक इस परिसर से कारोबार करने वाले वर्ग ने बेहतर सहूलियत प्राप्त करने के साथ-साथ व्यवसाय भी किया और लाभ कमाया। बाद में यहां पर हुई घटनाओं की वजह से कारोबारी दूसरे स्थान की तरफ चले गए। चौपाटी के व्यापारियों द्वारा नगर निगम में दबाव बनाने में लगे हैं कि कामकाज पुरानी जगह पर जारी रहने दिया जाए। इसके पीछे अपने-अपने तरीके एवं कारण बताए जा रहे हैं और तर्क दिए जा रहे हैं। घोषणा की गई है कि तीन दिन से उनकी दुकान बंद है और आगे भी वे किसी प्रकार का व्यवसाय नई जगह पर नहीं करेंगे।कारोबार करने वाला वर्ग इस बात को कह रहा है कि गढ़ कलेवा में उन्हें शिफ्ट करने के लिए योजना बनाई गई है वहां पर ग्राहकों की उपस्थिति ना के बराबर होती है,उन्होंने नगर निगम से इस मामले में एक बार फिर विचार करने को कहां है। घंटाघर ओपन आडिटोरियम मैदान में लगने वाले ठेला गुमठी चौपाटी की गढ़कलेवा में शिफ्टिंग आमजनता व खुद संबंधित व्यवसायियों के हित में हैं, निगम द्वारा गढकलेवा को नए सिरे से पुनः मरम्मत आदि कर व्यवस्थित किया गया है तथा वहाँ पर पानी, बिजली व साफ-सफाई जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई हैं। गढकलेवा में चौपाटी की शिफ्टिंग से एक ओर जहाँ घंटाघर निहारिका रोड की यातायात व्यवस्था में सुधार लाया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर व्यवसायियों को अपने व्यवसाय संचालन के लिए स्थाई व सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा।

**खास बात**

- चौपाटी को गढ़कलेवा में शिफ्ट करने पर जताया विरोध

**यातायात का सबसे बड़ा मसला**

दूसरी और निगम और यातायात पुलिस ने इस बात को महसूस किया है कि ओपन थिएटर से लेकर घंटाघर के आसपास के इलाके में सडक के किनारे लगने वाली स्ट्रीट फूड की दुकानों से समस्या पैदा हो रही है। शाम से लेकर रात तक यहां यातायात बाधित होने और लोगों को परेशान होता देखा गया है। कई स्तर पर परीक्षण करने के बाद इस नतीजे पर पहुंच गया है कि किसी भी कीमत पर मुख्य मार्ग पर और ओपन थिएटर क्षेत्र में चौपाटी नहीं चलाई जाएगी।

# सिद्धिविनायक हॉस्पिटल ने मनाया अपना 6वां वर्षगांठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोसाबाडी स्थित सिद्धिविनायक हॉस्पिटल ने अपना छठवां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर अस्पताल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल के डॉ व नर्सिंग स्टाफ के साथ-साथ शहर के नामी नागरिकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में डायरेक्टर डॉ शतदलनाथ ने अस्पताल की उपलब्धियां एवं आने वाले दिनों में भविष्य के नए सुविधा विस्तार के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि जून 2018 को मात्र एक कमरे से शुरू किया गया हॉस्पिटल आज इतना बृहद हो चुका है कि अस्पताल में न सिर्फ जनरल वार्ड साथ-साथ में सेमी प्राइवेट वार्ड प्राइवेट वार्ड एवं डीलक्स वार्ड की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में 24 घंटा आपातकालीन सेवा दिया जाता है। सर्जरी के क्षेत्र में न सिर्फ कुलहा व घुटना प्रत्यारोपण किया जाता है बल्कि दूरबीन द्वारा आर्थ्रोस्कॉपी द्वारा लिगामेंट इंजरी का इलाज किया जाता है। हाल के दिनों में अस्पताल को एनएबीएच द्वारा मान्यता मिली है। डॉक्टर श्री नाथ ने अपनी माता श्रीमती सती नाथ व पिता स्व सुशील कुमार नाथ के मार्गदर्शन को बताया है। उन्होंने कहा कि वह कोरबा को अच्छी सेवा के साथ-साथ नए एवं आधुनिक तकनीक का ट्रीटमेंट देना चाहते हैं। समय-समय पर समाज के गरीब तबकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन सिद्धीविनायक हॉस्पिटल करने के लिए वचनबद्ध है।

# यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने यातायात पुलिस ने छेड़ा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यातायात पुलिस द्वारा लगातार शहर की सड़कों पर वाहन खड़ी करने वालों को समझाइश दी जाती है, बावजूद इसके लोग अपनी हरकतों से बाज़ नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते शाम को शहर कि यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। यातायात पुलिस के द्वारा शहर के मुख्यमार्गों में लोगों को सचेत किया जा रहा है कि मुख्यमार्गों पर वाहनों को कीप पार्किंग न करें, फिर भी बहुत से लोग यातायात पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों को नजर अंदाज कर रहे हैं।

ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए यातायात पुलिस ने फिर से अभियान छेड़ दिया है, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात प्रभारी सउनि मनोज राठौर एवं उनकी टीम द्वारा शहर में फिर से विभिन्न मार्गों में वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई कर जुर्माना की वसूली की जा रही है। जांच अधिकारी सउनि श्री राठौर ने बताया कि शुक्रवार को शहर के अलग-अलग जोन में विशेष अभियान चलाया गया एवं मुख्य मार्ग मे वाहन खड़ा करने वाले चालकों के वाहनों को लॉक किया गया और उनसे जुर्माना वसूली की कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को एक दिन के भीतर ही शहर के अलग-अलग स्थान में लगभग दो दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन में लॉक करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि अभियान अब निरंतर जारी रहेगा। सड़क पर यदि कोई भी वहां खड़ा पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला- कोरबा (छ.ग)

**ईश्तहार**

202406050300005
रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24
ग्राम लखनपुर, प.ह.नं. 43

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अंकित कुमार अग्रवाल पिता रमेश कुमार अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम लखनपुर प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सुतर्रा तहसील पोंड़ी उपरोड़ा जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमि ख.न. 29/45 रकबा 0.073 हे. भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 19/06/2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**स्थानः-पोंड़ी उपरोड़ा**
**दिनांकः 10/06/2024**

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पोड़ी उपरोड़ा (छ.ग.)

NKH जीवन आशा
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जमनीपाली
एनटीपीसी क्षेत्र का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
आधुनिक उपकरण के साथ हड्डी रोग से संबंधित संपूर्ण इलाज व सर्जरी की सुविधा उपलब्ध...
उपलब्ध डॉक्टर
डॉ. एस.पी. पाण्डेय
डॉ. मेघना
डॉ. शक्ति डिक्सेना
डॉ. एकता चवरे
डॉ. हेमा नामदेव
सुविधाएं
एडवांस डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध।
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
उपलब्ध सुविधाएं- ओपीडी, आईपीडी, ओ.टी., सेंट्रल ICU, NICU, एडवांस लेबर रूम, एम्बुलेंस, एक्स-रे, ईसीजी, पैथोलॉजी लैब, फार्मेसी
एन.के. एच. जीवन आशा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, एसव्हीबीपी साडा कॉलोनी जमनीपाली, जिला-कोरबा
93400-79176, 62320-33233

## कोरबा मार्केट

TEXMO
अग्रवाल एजेंसी
कोरबा, कटघोरा
99263 62800
98930 06380

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 50 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### कीटनाशक का छिड़काव जारी

**कोरबा।** आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम के वार्डों में रोस्टर तैयार कर नालियों, जलस्त्रोतों के आसपास तथा अन्य आवश्यक स्थलों पर निगम द्वारा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव प्रारंभ कर दिया गया है ताकि मच्छरों आदि के पनपने व उनको बढ़ने से रोका जा सके। निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस दिशा में लोगों को निरंतर जागरूक भी किया जा रहा है। आयुक्त सुश्री ममगाई ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जलजनित बीमारियों जैसे पीलिया डायरिया, डिसेंटरी व कीटजनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव व सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानी बरतें, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें, घरों में मच्छरों को न पनपने दें, कूलर, छत व घर के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर पानी की टंकी, खाली टायर, फूलदान, छत में रूका बरसाती पानी सहित अन्य अपशिष्ट वस्तुओं में रूका हुआ बरसाती पानी नियमित रूप से खाली कराएं ताकि मच्छरों के पैदा होने व उनके पनपने का अवसर न मिले, घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली, परदें लगाएं, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव कराएं।

### बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन शेड्यूल जारी

**कोरबा।** हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 के आवेदन फार्म भरने की तिथि घोषित कर दी गई है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन फार्म भरने का सामान्य शुल्क के साथ 18 जून से 31 अगस्त तक निर्धारित है। इसी तरह स्वाध्यायी/अवसर परीक्षा हेतु छात्रों के परीक्षा फार्म भरने की तिथि 1 से 30 जुलाई तक तथा विलम्ब शुल्क के साथ 1 से 15 अगस्त तक एवं विशेष विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 16 से 30 अगस्त तक निर्धारित है।

### एसडीएम महिलांगे ने की पर्व को शांतिपूर्ण व भाईचारे से मनाने की अपील

# बकरीद पर्व को लेकर कटघोरा में शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

बकरीद पर्व को देखते हुए शुक्रवार को कटघोरा तहसील कार्यालय के एसडीएम सभागार में एसडीएम सरोज महिलांगे की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कटघोरा, दीपका व छुरी नगर पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान एसडीएम सरोज महिलांगे ने जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। इस दौरान एसडीएम महिलांगे ने कहा कि क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात की जाएगी। पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। ऐसे में कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तत्काल सूचना प्रशासन को दें।

शांति समिति की बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरोज महिलांगे ने कहा सभी लोग मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्यौहार मनाएं। त्यौहार के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सचेत है। उन्होंने कहा कि त्यौहार के पूर्व से ही इंटरनेट मीडिया पर प्रशासन की कड़ी नजर है। किसी भी तरह के विवादित या आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक में कटघोरा नगर व आसपास के क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था तथा विद्युत विभाग की लापरवाही व मनमानी को लेकर जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने अपनी नाराजगी जाहिर की। लोगों ने बताया कि नगर में मेंटेनेंस के नाम पर घण्टो बिजली काट दी जाती है लेकिन मेंटेनेंस होने के बाद कि स्थिति जस की तस बनी रहती है। रोजाना दिन में कई दफा बिजली का गुल होना और अधिकारियों को फोन लगाने पर फोन नही उठाने की सबसे बड़ी समस्या है। एसडीएम श्री महिलांगे ने भी माना कि क्षेत्र में बिजली की समस्या सबसे बड़ी है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर होने वाली समस्या पर चर्चा की जाएगी। शांति समिति की बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरोज महिलांगे, तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, आरआई, कटघोरा थाना एएसआई आत्माराम कंवर, दीपका थाना प्रभारी, दर्री थाना प्रभारी, दीपका नगर पालिका के अधिकारी, ज्ञानपुंज कुलमित्र सीएमओ कटघोरा डॉ रुद्रपाल सिंह कंवर बीएमओ नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल, बजरंग पटेल उपाध्यक्ष नगर पालिका, पवन अग्रवाल पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका, पार्षद आत्मानारायण पटेल, मुरली साहू, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ मेमन, कटघोरा बीएमओ रुद्रपाल सिंह कंवर, पत्रकार संघ अध्यक्ष अजय धनोंदिया, शारदापाल, श्रमजीवी पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष राहुल डिक्सेना, प्रेस क्लब के सचिव शिव शंकर जायसवाल, विभागीय अधिकारी इस बैठक में उपस्थित रहे।



बैठक लेते एसडीएम महिलाएंगे।

### जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर नगर निगम आयुक्त एवं प्रभारी कलेक्टर श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 17 जून को ईद-उल-जुहा पर्व आपसी भाईचारे व धार्मिक सद्भावनापूर्ण ढंग से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। श्रीमती ममगाई ने कहा कि धार्मिक सद्भावना कायम रहे इसके लिए सभी को एक दूसरे के धर्म और आस्था का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के भ्रामक सूचनाओं के प्रचार-प्रसार से बचना चाहिए। ऐसे लोगों पर खुद भी नजर रखें और इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को तत्काल देवें ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाया जा सके। जिले के शहरी, उपनगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 7 से 8.30 बजे तक नमाज अता की जाएगी। इसके पश्चात परंपरा अनुसार अपने-अपने घरों में कुर्बानी का पर्व मनाएंगे। ईद-उल-जुहा पर्व के दौरान किसी भी तरह के धार्मिक जुलूस रैली और सभा का आयोजन नहीं किया जाएगा।



# सड़क पर गेप व निकली लोहे की रॉड को एनटीपीसी ने की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार से नेवसा, उतरदा सिल्ली, बोईदा होकर कुली खम्हरिया, सीपत बिलासपुर को जाने वाली सड़क है। जहां नेवसा रेलवे ओवरब्रिज जिसे एनटीपीसी सीपत प्रबंधन ने कोयला ढुलाई बना है जिसके ऊपर से मुख्य सड़क है, रेलवे ओवरब्रिज व मुख्य सड़क के मध्य गेप हो गया था साथ ही लगी लोहे की रॉड भी निकल गई थी, इस संबंध में अखबार में इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसे एनटीपीसी सीपत प्रबंधन गंभीरता दिखाते हुए। ओवरब्रिज व सड़क के मध्य के गेप व निकली लोहे की रॉड को मरम्मत किया। अब जहां दुर्घटना की संभावना बनी हुई थी वो मरम्मत से सुगम हुआ। साथ ही एनटीपीसी सीपत प्रबंधन की एक बड़ी लापरवाही यह है कि ओवरब्रिज के दोनों छोर में दुर्घटना रोधक रेलिंग भी नहीं लगाया गया है, इस ओवरब्रिज के दोनों छोर घुमावदार मोड़ होने से खासतौर पर कई बाईक सवार ऊपर से गिरकर दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं जिसमें लगभग दो तीन बाईक सवारों की मौत हो चुकी है, इस दिशा में भी एनटीपीसी सीपत प्रबंधन को गंभीरता दिखाते हुए ओवरब्रिज के दोनों छोर में दुर्घटनारोधक रेलिंग लगाने की अत्यंत आवश्यकता है।






# छुरीकला नगर पंचायत अध्यक्ष को लेकर रस्सा-कस्सी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरीकला

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद नगर पंचायत नये अध्यक्ष बनाए जाने तथा उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर पार्षदों के बीच सरगर्मी शुरू हो गई है। 28 फरवरी को नगर पंचायत अध्यक्ष हटने के बाद नये अध्यक्ष महिला पार्षद संकुतला तीरथ गोड को बनाए जाने हेतु 10 पार्षदों के सहमति के साथ प्रस्ताव पारित कर जिला प्रशासन को सौप दी गई थी परंतु एक पार्षद स्वयं अध्यक्ष बनने के लिए दावेदारी किये जाने एंव लोकसभा चुनाव के कारण नये अध्यक्ष बनाए जाना मामला अधर मे लटक गई थी। चुनाव संपन्न होने के बाद नये अध्यक्ष बनाने एंव उपाध्यक्ष को हटाने का मामला जोर पकडने लगा है। पार्षद हीरालाल यादव ने बताया नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने से पहले नगर पंचायत उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी को हटाने के खिलाफ तीन पार्षद हीरालाल यादव, मधुराजकुमार अग्रवाल और रामशरण साहू के हस्ताक्षर युक्त अविश्वास प्रस्ताव तत्कालिक जिला दणडाधिकारी को 21 जनवरी 2022 को ज्ञापन सौंपा गया था। परंतु पार्षद द्वारा प्रस्तुत कि गई अविश्वास प्रस्ताव पर जिला प्रशासन द्वारा अमल नहीं किये जाने पर पुनः 6 पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त अविश्वास प्रस्ताव ज्ञापन 24 फरवरी 2022 को दिया गया। इसके उपरांत जिला प्रशासन को उपाध्यक्ष के खिलाफ दिये अविश्वास प्रस्ताव पर कार्यवाही नहीं किये जाने को लेकर पांच बार स्मरण पत्र जिला प्रशासन को दिया गया परंतु जिला प्रशासन अविश्वास प्रस्ताव पर कार्यवाही करने के बजाए ठंडे बस्ते मे डाल दी गई। श्री यादव ने बताया नगर पंचायत उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी को पद से हटाने को लेकर पिछले तीन सालों से लगातार पार्षदों द्वारा आवेदन दिये जा रहे हैं। परंतु हर बार अविश्वास प्रस्ताव को नेताओं के दबाव मे ठंडे बस्ते मे डाल दिया जा रहा है।




## खबर संक्षेप



### मायुमं की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने विगत दिनों झारखंड के देवघर शाखा में आयोजित चतुर्दशम राष्ट्रीय कार्यकारिणी की चतुर्थ बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांत का प्रनिधित्व किया और अपने विचार रखे। प्रांतीय अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ में शाखाओं द्वारा किए जा रहे जनकल्याण कार्यों को सभी को अवगत कराया। सभी राष्टीय पदाधिकारियो ने छत्तीसगढ़ में हो रहे कार्यों की सराहना की। मनीष अग्रवाल ने बताया की जल्द ही छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा संचालित कैंसर वैन भी आ रही है। जिसका लाभ शाखाओं के माध्यम से सभी जनमानस को निःशुल्क प्राप्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टड़ ने भी छत्तीसगढ़ के कार्यों को सराहा। इस अवसर पर निर्वितमान राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया, पूर्व राष्टीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया, राष्टीय महामंत्री सुंदर प्रकाश, राष्टीय उपाध्यक्ष मुख्यालय विकास अग्रवाल, राष्टीय संयोजक नारी चेतना श्रीमती रीना केडिया, झारखड़ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण गुप्ता, पूर्वोत्तर के अध्यक्ष पंकज जालान, बिहार के अध्यक्ष प्रदीप सिंघी, महाराष्ट्र के अध्यक्ष कैलाश राठी, दिल्ली के अध्यक्ष मुकेश बोथरा, पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, आंध्रप्रदेश तेलगाना के अध्यक्ष नेमीचंद, अन्य प्रांतों के अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारणी के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं देवघर शाखा के सभी मंच साथी उपस्थित रहे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने मनाया विश्व रक्तदान दिवस



**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच कोरबा द्वारा 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया। इसके उपलक्ष्य में कोरबा शाखा द्वारा इस कार्यक्रम को बिलासा ब्लड बैंक के सहयोग से सफलता पूर्वक पूरा किया गया। जिसमें हमारे शाखा द्वारा ब्लड सेंटर में कुल 23 यूनिट ब्लड डोनेट करवा कर जमा कराया गया। इस कार्यक्रम में प्रांत संयोजक नीरज अग्रवाल ने मुख्य भूमिका निभाई उन्होंने भी रक्तदान करके अपना सहयोग दिया एवं भूतपूर्व अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल द्वारा रक्तदान किया गया एवं अन्य मंच के साथियों ने अपनी भागीदारी प्रस्तुत की। इस पूरे कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष विकास मित्तल ने अपनी भूमिका सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी दान दाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर उनका धन्यवाद किया।

### 30 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार



**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में 15 जून को डॉ सुकांत पांडेय आबकारी उपनिरीक्षक आबकारी वृत्त दीपका द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम प्रेमनगर थाना कटघोरा में ज्वाला पाल के संज्ञान आधिपत्य मकान की तलाशी लेने पर कुल 30 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। मामले में आरोपी प्रेमनगर कटघोरा निवासी ज्वाला पाल उम्र 39 साल पिता रामगोपाल के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, आबकारी आरक्षक सिमोन मिंज़, नगर सैनिक राजेश दुबे, प्रजेश सिंह एवं अंबिका का सराहनीय योगदान रहा।

### डीपीएस बालको में 18 जून दो पालियों में भरे जाएंगे पर्चे

# पहली बार कोरबा में आयोजित की जा रही यूजीसी नेट की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली (एनटीए) द्वारा यूजीसी नेट जून 2024 का आयोजन कोरबा जिले के दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको नगर कोरबा में बुधवार 18 जून को किया जाएगा। इस परीक्षा का आयोजन दो पाली में किया जाएगा पहली पाली का समय 9.30 से 12.30 बजे और दूसरी पाली का समय दोपहर 3 से शाम 6 बजे होगा। इस परीक्षा में कोरबा अंचल एवं आसपास के क्षेत्र के पहली पाली में 724 एवं दूसरी पाली में 650 पात्र परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा के जिला कोऑर्डिनेटर एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको के प्राचार्य कैलाश पंवार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है।

प्राचार्य श्री पवार ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल बालकोनगर कोरबा को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली (एनटीए) के निर्देशानुसार पहली पाली में परीक्षार्थियों को सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। सुबह 9 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसी प्रकार दूसरी पाली में दोपहर 1 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। दोपहर 2.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, परीक्षार्थी समय का ध्यान अवश्य रखें। परीक्षार्थियों के पास अनिवार्य रूप से यूजीसी नेट जून का फोटोयुक्त प्रवेश पत्र, एक पासपोर्ट आकार की अतिरिक्त फोटो, कोई भी एक वैद्य पहचान पत्र जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई लाना होगा। यदि किसी परीक्षार्थी को दोनों पालियों में परीक्षा हेतु आना है तो अपने दोनों प्रवेश पत्रों के साथ एक-एक पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य रखें। पीडब्लूडी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पहुँचे। पानी एक पारदर्शी बोतल, एक हैड सैनिटाइजर (50 एमएल की शीशी) लाने की अनुमति है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, कोरबा जिला के सिटी कॉर्डिनेटर कैलाश पंवार ने बताया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई लेखन सामग्री नहीं लानी है। कोई भी इलेक्ट्रानिक सामान जैसे मोबाइल फोन, ब्लूट्स इयर फोन, हेडफोन, कैलकुलेटर आदि नहीं लाना है। एटीम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, पर्स, हेयर क्लिप, किसी भी प्रकार की चाबी आदि नहीं होना चाहिए। घड़ी या आभूषण पहनने से बचना होगा। खाने की कोई सामग्री, पेन पेंसिल परीक्षा कक्ष में नहीं लानी है। नेशनल टेस्ट एजेंसी की वेबसाइट को देखकर ड्रेसकोड का पालन करने के साथ ही प्रवेश पत्र पर दिए गए दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढ़कर उसी के अनुरूप ही परीक्षार्थी तय समय से आएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा कड़ी निगरानी में होगी।

**दो पाली में होगी परीक्षा**

पहली पाली में परीक्षार्थियों को सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। सुबह 9 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दूसरी पाली में दोपहर 1 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। दोपहर 2.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के पास अनिवार्य रूप से यूजीसी नेट जून का फोटोयुक्त प्रवेश पत्र होना चाहिए। एक पासपोर्ट आकार की अतिरिक्त फोटो, कोई भी एक वैद्य पहचान पत्र जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई लाना होगा। यदि किसी परीक्षार्थी को दोनों पालियों में परीक्षा हेतु आना है तो अपने दोनों प्रवेश पत्रों के साथ एक-एक पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य रखें। पीडब्लूडी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचे। पानी की एक पारदर्शी बोतल, एक हैड सैनिटाइजर (50 एमएल की शीशी) लाने की अनुमति है। रीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई लेखन सामग्री नहीं लानी है। कोई भी इलेक्ट्रानिक सामान जैसे मोबाइल फोन, ब्लू टूथ्स ईयर फोन, हेडफोन, कैलकुलेटर आदि नहीं लाना है। एटीम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, पर्स, हेयर क्लिप, किसी भी प्रकार की चाबी आदि नहीं होना चाहिए। घड़ी या आभूषण पहनने से बचना होगा। खाने की कोई सामग्री, पेन पेंसिल परीक्षा कक्ष में नहीं लानी है।

# गीतकुंवारी में पहुंचा 7 हाथियों का झुंड


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनमंडल कोरबा के चचिया परिसर में विगत दिनों से 7 हाथियों का दल अब कुदमुरा रेंज अंतर्गत गीतकुंवारी गांव पहुंच गया है जबकि गीतकुंवारी में पहले से मौजूद लोनर हाथी ने धरमजयगढ़ का रूख कर लिया है। 7 हाथियों के गीतकुंवारी पहुंचने पर संबंधित अमला सतर्क हो गया है।

ग्रामीणों को मुनादी कराकर सावधान किया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि उनके गांव के जंगल में बड़ी संख्या में हाथी फिर पहुंच गए हैं, अतः वे इनसे दूरी बनाएं रखें। जंगल की ओर न जाएं। उधर कटघोरा वनमंडल के एतमानगर व केंदई रेंज में भी हाथियों की सक्रियता लगातार बनी हुई है जहां पांच हाथियों का दल केंदई रेंज के परला क्षेत्र में है। वहीं 18 हाथियों का दल एतमानगर रेंच के पचरा जंगल में घूम रहे हैं। पहले यह दल कटमोरगा में था लेकिन गुरुवार की रात यह झुंड पचरा जंगल पहुंचकर डेरा डाल दिया। हाथियों की यहां मौजूदगी दूसरे दिन भी बनी रही। हाथियों का यह दल गुरसियां, जटगा मुख्य मार्ग पर पहुंच गया था। जानकारी मिलने पर वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर हाथियों को जंगल खदेड़ा। दल में एक उत्पाती दंतैल भी शामिल है, जो बंजारी गांव में एक ग्रामीण के घर घुसकर उसे ध्वस्त करने का प्रयास किया लेकिन समय पर निगरानी दल के पहुंच जाने से वह सफल नहीं हो सका। निगरानी दल ने दंतैल को खदेड़ दिया। उत्पाती दंतैल ने कटमोरगा में लगातार तीन दिन तक उत्पात मचाकर वहां के ग्रामीणों तथा वन विभाग के नाक में दम कर रखा था। उत्पात के दौरान दंतैल ने गांव में आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों के घर को ढहा कर उन्हें बेघर कर दिया था। दंतैल समेत हाथियों के दल के अन्यत्र जाने से कटमोरगा के ग्रामीणों ने फिलहाल राहत महसूस की है।

**खास बात**

- ग्रामीणों को मुनादी कराकर किया जा रहा सावधान

# नौकरी के नाम पर ठगी की घटना को दिया गया अंजाम, भटक रहे बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कलेक्ट्रेट में शिकायत करने पहुंचे बेरोजगार युवक।

दीपका खदान में संचालित केसीसी कंपनी के इंचार्ज ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की घटना को अंजाम दिया है। नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से 15-15 हजार रुपए की राशि की वसूली की गई है। पैसा देने के बाद भी बेरोजगार युवक नौकरी के लिए भटक रहे हैं। यही वजह है कि ठगी के शिकार बेरोजगार युवकों ने कलेक्टर से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

एसईसीएल दीपका खदान में नियोजित केसीसी नामक एक निजी कंपनी के इंचार्ज तुलसी बारीक ने चालक के चार व ऑपरेटर के दो पदों पर भर्ती के लिए अर्पित कुमार पटेल एवं बपी महाभोई के खाते में 15-15 हजार रुपए की राशि जमा कराई। इस दौरान बोला गया कि इन्हें बोला गया था की 1 हफ्ते के अंदर सभी को काम पर लगाऊंगा अगर नहीं लगवा पाया तो सभी का पैसा वापस करूंगा, और काम लगने के बाद 15-15 हजार और देने के लिए बोला गया था। पैसा देने के 7 महीने बाद भी बेरोजगार युवक काम के तलश में भटकने को मजबुर है। युवकों का आरोप है कि ब्याज में राशि लेकर रकम जमा कराई गई है। न काम दिया जा रहा है और न ही पैसा वापस दिया जा रहा है। सवाल पूछने पर गुमराह किया जा रहा है। यही वजह है कि पीड़ित पवन दास, अमित कुमार, शत्रुघ्न केंवट, रितेश कुमार, देवी चरण, मनोज कुमार ने कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों महाप्रबंधक दीपका, केसीसी कंपनी दीपका को पत्र लिखकर पैसे वापस दिलाने के लिए उचित कार्यवाही करने, तुरंत काम पर लगवाने की गुहार लगाई है। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर तीन दिन के भीतर उनकी राशि वापस नहीं दिलाई गई तो वह केसीसी कंपनी में धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी केसीसी कंपनी व शासन प्रशासन की होगा।

**खास बात**

- एसईसीएल दीपका के केसीसी कंपनी का मामला

# मकान मालिक व किरायेदार के बीच हुई मारपीट, किरायेदार जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


वह मकान जहां हुई मारपीट की घटना।

जिले में सरकारी योजनाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही है। नगर निगम से लेने के बाद पिछले कई साल से अटल आवास को किराए पर संचालित किया जा रहा है। आवास में किराए को लेकर मकान मालिक और किराएदार के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने किरायेदार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

ममला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के शारदा विहार अटल आवास की है। मारपीट की सूचना मिलते ही मानिकपुर पुलिस दोनों पक्षों को चौकी लेकर आई, थाने में भी दोनों पक्ष जमकर हंगामा मचाने लग गए। शारदा विहार अटल आवास में हजारों की संख्या में बीपीएल कार्डधारियों को नगर निगम ने अटल आवास दिया है, लेकिन इस योजना को लोग पलीता लगा रहे हैं। अटल आवास मिलने के बाद लोग उसे किराया पर दे रखे हैं, जहां 15 साल से 2 हजार तक किराया वसूलते हैं। इसी बात को लेकर 2 पक्षों में मारपीट हुई है। लक्ष्मण जायसवाल का कहना है कि शारदा विहार अटल आवास में उसका क्वार्टर है, जिसे मनजीत कौर नाम की महिला ने कब्जा कर रखा है।

इसकी शिकायत पहले भी मानिकपुर चौकी पुलिस से की गई थी, जहां दोनों पक्षों के बीच शिकायत के बाद कार्रवाई भी की गई थी। श्री जायसवाल का आरोप है कि वह क्वार्टर को खाली कराने शारदा विहार पहुंचा था। इस दौरान कब्जाधारी मनजीत कौर नाम की महिला से विवाद हो गया। दोनों लोग एक दूसरे पर मारपीट पर उतारू हो गए थे। मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि दोनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले में हंगामा मचाने वाली महिला मनजीत कौर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां जमानत के अभाव में मनजीत कौर को जेल दाखिल कर दिया गया है।

**खास बात**

- मानिकपुर चौकी क्षेत्र के शारदा विहार अटल आवास का मामला

# थर्डजेंडर के साथ युवक ने शादी का झांसा देकर किया दैहिक शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक और ट्रांसजेंडर अंशिका के बीच हुई पहचान फिर प्रेम और प्रेम के के पश्चात शुरू हुआ स्वार्थ का खेल, ऐसा खेल जिसमें एक के पास अपनी लूटी हुई अस्मत के शिवा कुछ नहीं बचा वहीं दूसरे ने ना सिर्फ अपनी शारीरिक जरूरतों को पूरा किया बल्कि प्यार का झूठा खेल-खेलकर ट्रांसजेंडर निक्की के भविष्य के संजोए सपने, उसकी अस्मत, उसके अमूल्य गहने, उसकी जमापूंजी तक लूट कर लापता हो गया।

पीड़िता ने बताया कि बिलाईगढ़ क्षेत्र के मड़वाघाट गांव थाना कोसिद के पीतांबर बंजारे के साथ वह रहता था। कुछ साल पहले रायपुर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दोनों पति-पत्नी के रूप में रहते थे दोनों के बीच अच्छा संबंध था सब कुछ अच्छा चलने लगा दोनों पारिवारिक जीवन जी रहे थे इस दौरान पीतांबर ने उसे घर बनाने के लिए पैसे मांगे और उसने अपने सोने चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम उसे लाखों रुपए दे दिए घर कंप्लीट होने के बाद वो दोनों कोरबा काम करने आए जहां दोनों किसी निजी कंपनी में काम कर रहे थे जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया उसके बाद युवा के शादी से इनकार करते हुए अचानक लापता हो गया पीड़िता उसके गृहग्राम भी पहुंच गई और उसके परिजनों को आपबीती बताएं लेकिन युवक वहां भी नहीं मिला और युवक के पर जनों ने उसे डांट फटकार कर वहां से भगा दिया इसके बाद हो शिकायत करने बालको थाना पहुंची जहां पुलिस से शिकायत के बाद मामला दर्ज कर युवक की तलाश में जुट गई। पीड़िता ने बताया कि पीतांबर उसके साथ शादी के नाम पर पिछले कई सालों तक शारीरिक संबंध भी बनाया। अब उसके परिवार वालों के द्वारा उसे जान से मारने की धमकी और रिपोर्ट वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर आगे की जांच कार्रवाई शुरू कर दी है और पीतांबर को पकड़ने साइबर सेल के अलावा अन्य उसके रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।


आरोपी युवक।




### रोजगार की मांग को लेकर 14 जून को आंदोलन की दी गई थी चेतावनी

# बैठक के बाद भूविस्थापितों की कामबंद हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कुसमुंडा क्षेत्र के प्रभावित गांव के भू विस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में लंबित रोजगार की प्रकरणों का निराकरण कर सभी खातेदारों को रोजगार देने की मांग को लेकर 14 जून को एसईसीएल कुसमुंडा महाप्रबंधक का घेराव प्रदर्शन की चेतावनी दी थी कुसमुंडा महाप्रबंधक राजीव सिंह ने आंदोलन से पहले ही भू विस्थापितों के प्रतिनिधि मंडल को मांगो के संबंध में चर्चा के लिए बुलाया। रोजगार की मांग पर सकारात्मक चर्चा के बाद आंदोलन को स्थागित करते हुए भू विस्थापितों के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि मांगो पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर 10 दिनों बाद खदान बंद किया जाएगा।

किसान सभा के नेता प्रशांत झा ने बैठक में एसईसीएल के अधिकारियों से कहा की सभी भू विस्थापित किसानों जिनकी जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहण किया है उन सभी खाते पर भू विस्थापितों को स्थाई रोजगार एसईसीएल को देना होगा। विकास परियोजना के नाम पर गरीबों को सपने दिखा कर करोड़ों लोगों को विस्थापित किया गया है अपने पुनर्वास और रोजगार के लिये भू विस्थापित परिवार आज भी भटक रहे हैं।

भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के दामोदर श्याम, रेशम यादव, बृजमोहन ने कहा कि वर्ष 1978 से लेकर वर्ष 2004 के मध्य कोयला खनन के लिए जमीन को अधिग्रहित किया गया है लेकिन तब से अब तक विस्थापित ग्रामीणों को न रोजगार दिया गया है न पुनर्वास ऐसे प्रभावितों की संख्या सैकड़ों में है। लंबित रोजगार प्रकरणों में रोजगार के संबंध में एसईसीएल के महाप्रबंधक ने कहा कि खातेदारों को रोजगार देने की प्रक्रिया में तेजी आयेगी जल्द 5 भूविस्थापितों का फाइल 10 दिनों में बिलासपुर मुख्यालय भेज दिया जायेगा बैठक में भू विस्थापितों की ओर से किसान सभा के प्रशांत झा, रोजगार एकता संघ से दामोदर श्याम,रेशम यादव, बृजमोहन, के साथ प्रभावित भू विस्थापित उपस्थित थे बैठक में लंबित रोजगार प्रकरणों में रोजगार देने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में भूविस्थापितों ने एसईसीएल के अधिकारियों से कहा कि 10 दिनों में रोजगार देने को लेकर उचित कार्यवाही नहीं होने पर खदान को बंद किया जाएगा। बैठक में भू विथापितों की और से प्रमुख रूप से जय कौशिक, अनिल बिंझवार, रघुनंदन, कृष्ण कुमार, हरिहर, होरीलाल, अनिरुद्ध, उत्तम, जितेंद्र, गणेश,मानिक दास, चंद्रशेखर, फणींद्र, के साथ बड़ी संख्या में भू विस्थापित उपस्थित थे।

**खास बात**

- मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर 10 दिन बाद खदान बंद करने की दी है चेतावनी




